छत्तीसगढ़ शासन

कार्यालय संचालक,
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री,
(इन्द्रावती भवन, विभागाध्यक्ष कार्यालय, ब्लाक नं. 1, द्वितीय तल)
नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
पिन कोड– 492001
दूरभाष नं. 2331302

खुली निविदा सूचना

लिफाफो के निर्माण की दरें प्रस्तुत करने हेतु निविदा प्रपत्र

(पेपर, मुद्रण सहित लिफाफा तैयार करने की दर)

वर्ष 2019–20

निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि – 05.09.2019 (3:00 बजे तक)
निविदा खोलने की अंतिम तिथि – 05.09.2019 (4:00 बजे)

मूल्य 500/– रूपये

कार्यालय संचालक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री
(इन्द्रावती भवन, विभागाध्यक्ष कार्यालय, ब्लाक नं. 1, द्वितीय तल)
नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

दूरभाष क्रमांकः–2331302
Email id:- govtprintingstationerydept@gmail.com

//खुली निविदा सूचना//

क.जी.बी.2/मुद्रण/(25)/रा.नि.आ./प्र.मु./19–20/ 992 दिनांक 03/08/2019

छ.ग. राज्य निर्वाचन आयोग, रायपुर के उपयोग में आने वाले नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2019 के कुल 13 प्रकार (12 लिफाफा एवं 1 शीट) एवं त्रि–स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2019 के कुल 14 प्रकार (11 लिफाफा एवं 3 शीट) के लिफाफों के निर्माण हेतु दरें (पेपर मुद्रण एवं लिफाफा तैयार करने सहित दरें प्रति हजार, 80 जी.एस.एम. क्राफ्ट पेपर, गुलाबी एवं खाकी पेपर के लिए) अमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र राशि रूपये 500/– (रूपये पांच सौ) मात्र नगद अथवा डिमांड ड्राफ्ट संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, नवा रायपुर, अटल नगर के नाम से जमा करके प्राप्त किया जा सकता है।

1. निविदा विक्रय प्रारंभ करने की तिथि – दिनांक 05.08.2019
2. निविदा जमा की अंतिम तिथि एवं समय – दिनांक 05.09.2019 समय 3:00 बजे तक
3. निविदा खोले जाने की तिथि एवं समय – दिनांक 05.09.2019 समय 4:00 बजे तक

नोटः– नमूनों का अवलोकन कार्यालयीन समय में सुबह 10:00 से शाम 5:00 बजे तक किया जा सकता है।

निविदा प्रपत्र शासकीय वेबसाईट **www.cgstate.gov.in** से डाउनलोड करके भी प्राप्त की जा सकती है।

संचालक,
मुद्रण तथा लेखन सामग्री
नवा रायपुर अटल नगर

राज्य निर्वाचन आयोग, रायपुर हेतु नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2019 एवं त्रि–स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2019 में प्रयुक्त होने वाले विभिन्न प्रकार के लिफाफों के मुद्रण कार्य का विवरण तथा निविदा की शर्ते

1. राज्य निर्वाचन आयोग, रायपुर हेतु नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2019 के कुल 13 प्रकार के एवं त्रि–स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2019 के कुल 14 प्रकार के लिफाफों का निर्माण किया जाना है।

2. निविदा क्रय :–

निविदा प्रपत्र कार्यालयीन समय में दिनांक 05.08.2019 से प्रदाय की जावेगी। निविदा सूचना के अन्तर्गत निविदा प्रपत्र आवेदन किये जाने पर निविदा प्रपत्र शुल्क रूपये 500/–नगद जमा करने पर प्रदाय की जायेगी।

निविदा प्रपत्र **www.cgstate.gov.in** से डाउनलोड प्राप्त किया जाकर भी निविदा में भाग लिया जा सकता है । किन्तु इस हेतु निविदा प्रपत्र शुल्क निविदा प्रस्तुत करते समय इस कार्यालय की मनी रसीद की प्रति लिफाफा ''अ'' में संलग्न करना अनिवार्य है।

3. निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथिः–

सील बंद निविदा इस कार्यालय में दिनांक 05.09.2019 समय 3.00 बजे तक प्रस्तुत करना होगा । निर्धारित तिथि एवं समय उपरांत प्राप्त होने वाली निविदा पर विचार नही किया जावेगा।

4. निविदा निक्षेप की राशिः–

निविदा निक्षेप की राशि रूपये 25,000/– (पच्चीस हजार रूपये) नगद स्वीकार न की जाकर एफ.डी.आर. या डी.डी. के रूप में स्वीकार की जायेगी, जो कि भारतीय स्टेट बैंक अथवा राष्ट्रीयकृत बैंक का होना आवश्यक है । यह संचालक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, नवा रायपुर, अटल नगर के पक्ष में देय होगी ।

5. निविदा हेतु प्रतिभूति राशिः–

निविदाकार को उसकी निविदा स्वीकृत होने अथवा उसे स्वीकृत दर पर कार्य प्राप्त होने के आदेश दिये जाने की स्थिति में लिफाफो के निर्माण मूल्य की 5 प्रतिशत राशि प्रतिभूति राशि (निविदा निक्षेप की राशि को छोड़कर) के रूप में जमा करनी होगी, जिसे संतोषप्रद रूप से कार्य संपादन के उपरांत अदेय अमांग प्रमाण–पत्र प्राप्त होने की स्थिति में वापिस किया जावेगा ।

क्रमशः 2 पर

6. **निविदा प्रस्तुत करने का तरीका :–**

(अ) **लिफाफा "अ"(निविदा प्रपत्र एवं तकनीकी प्रपत्र):–**

तकनीकी लिफाफा **"अ"** के ऊपर **'निविदा प्रपत्र एवं तकनीकी प्रपत्र'** अंकित करें तथा सील बंद कर निविदाकार द्वारा हस्ताक्षरित किया जावे। इसमें निम्न दस्तावेज एवं प्रपत्र रखें जावेः–

(i) निविदा प्रपत्र जिसके प्रत्येक पृष्ठ पर फर्म की सील एवं निविदाकार के हस्ताक्षर हों।

(ii) निविदा प्रपत्र क्रय की मनी रसीद।

(iii) जी.एस.टी.रजिस्ट्रेशन प्रमाण–पत्र की स्व अभिप्रमाणित छायाप्रति।

(iv) जी.एस.टी रिर्टन की गत एक वर्ष की प्रति। (माह अनुसार)

(v) पैन कार्ड की स्व अभिप्रमाणित छायाप्रति ।

(vi) गत वर्ष 2018–19 के आयकर रिर्टन की स्व अभिप्रमाणित छायाप्रति।

(vii) शॉप एक्ट के अर्न्तगत फर्म का रजिस्ट्रेशन प्रमाण–पत्र ।

(viii) अन्य संबंधित अभिलेख।(शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थाओं में विगत 5 वर्षो में लिफाफे बनाने संबंधी संस्था द्वारा जारी अनुभव प्रमाण–पत्र, मुद्रण, बंधन इत्यादि मशीनों के स्वामित्व की जानकारी)

(ix) निविदा निक्षेप की राशि रूपये 25,000/– एफ.डी.आर./डी.डी. के रूप में रखें।

(x) लिफाफा बनाये जाने वाले कागज का नमुना पॉच–पॉच नग ए/4 आकार में फर्म के मालिक का हस्ताक्षर एवं सील सहित।

(ब) लिफाफा "ब" (निविदा दर पत्रक):–

इस लिफाफे में कार्यालय से क्रय की गई निविदा प्रपत्र का दर पत्रक रखना होगा। लिफाफे के ऊपर **'निविदा दर पत्रक'** अंकित होगा । दर अंकों में स्पष्ट रूप से अंकित करें तथा सील बंद कर निविदाकार द्वारा हस्ताक्षरित किया जावे ।

(स) लिफाफा "अ" एवं "ब" को एक बड़ा लिफाफा **"स"** में रखना होगा।

क्रमशः 3 पर

लिफाफा ''**स**''के ऊपर ''**नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2019 एवं त्रि–स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2019 में प्रयुक्त होने वाले विभिन्न प्रकार के लिफाफों के मुद्रण हेतु निविदा**'' शब्द अंकित हो।

बड़ा लिफाफा ''स'' भी सील बंद/ मुहर बंद कर प्रस्तुत करना होगा । सील बंद/मुहर बंद लिफाफे पर निविदा प्रस्तुत करने वाले फर्मो/व्यवसायी का पूर्ण नाम एवं सम्पूर्ण पता, टेलीफोन/मोबाईल नम्बर ई–मेल आदि का अंकित होना चाहिए ।

7. निविदा खोलने का तरीका :–

(i) सर्वप्रथम बड़ा लिफाफा **'स'** (नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2019 एवं त्रि–स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2019 में प्रयुक्त होने वाले विभिन्न प्रकार के लिफाफों के मुद्रण हेतु निविदा) खोला जाएगा ।

(ii) उसके पश्चात् लिफाफा 'अ' (निविदा प्रपत्र एवं तकनीकी प्रपत्र) खोला जाएगा।

(iii) तकनीकी बीड़ की अर्हता पूर्ण करने वाले निविदाकारों का ही लिफाफा 'ब' (निविदा दर पत्रक) का लिफाफा खोला जाएगा ।

(iv) सफल निविदाकारों द्वारा प्रस्तुत लिफाफों की दरों का तुलनात्मक विवरण तैयार किया जाएगा ।

(v) न्यूनमत दर वाले फर्म की निविदा स्वीकृत की जाएगी ।

(vi) दर स्वीकृत होने पर संबंधित निविदाकार को पत्र प्राप्त होने के 5 दिवस के भीतर प्रतिभूति की राशि जमा करने के साथ ही 100 रूपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टैम्प पेपर पर करारनामा निष्पादित करना होगा, जिसका व्यय निविदाकार को वहन करना होगा । यदि निविदाकार 05 दिनों के भीतर करारनामा निष्पादित नहीं करता है, तो उसकी जमा निविदा निक्षेप राशि राजसात कर ली जावेगी, साथ ही ऐसे निविदाकार को भविष्य में होने वाले ऐसे संव्यवहारों के लिए काली सूची में डाल दिया जावेगा ।

8. निविदा की अन्य शर्ते :–

(i) प्रत्येक लिफाफा 80 जी.एस.एम. मशीन फिनिश्ड क्राफ्ट पेपर एवं मैपलिथो पेपर गुलाबी/खाकी पेपर में किया जाना है। नमूने अनुसार मैटर का मुद्रण करना होगा। लिफाफों का आकार प्रकार एवं संख्या कम–ज्यादा हो सकते है ।

क्रमशः 4 पर

(ii) लिफाफे की दर, कागज मुद्रण एवं लिफाफा तैयार करने सहित प्रति हजार के मान से अंकित की जावेगी। दर प्रपत्र में दर अंकों में स्पष्ट अंकित होना चाहिए, काटपीट तथा ओवर राइटिंग वाली निविदाओं को विचार में नही लिया जावेगा। प्रत्येक दर पत्रक के पेज में निविदाकार का हस्ताक्षर एवं फर्म का सील होना अनिवार्य है।

(iii) निविदाकार को लिफाफा मुद्रित कर बनाने हेतु प्रदाय आदेश जारी होने के 15 दिवस के अंदर में समस्त लिफाफा तैयार कर शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय राजनांदगॉव में 500–500 के कार्टन पैक में जमा कराना होगा। कार्टन पैक के ऊपर लिफाफे का विवरण, संख्याा एवं लिफाफे का स्पेशिफिकेशन लिखना अनिवार्य है। परिवहन/मजदूरी पर व्यय स्वयं निविदाकार द्वारा वहन किया जावेगा।

निविदाकार को निर्धारित अवधि में लिफाफे बनाकर प्रदाय करना अनिवार्य है, अन्यथा स्थिति में उसकी निविदा निक्षेप एवं प्रतिभूति की राशि राजसात करने का अधिकार निविदाकर्ता को होगा ।

(iv)निविदाकार इस निविदा के अन्तर्गत ठेका, उप भाड़े पर नहीं देगा अथवा कार्य या उसका भाग हस्तांतरित नहीं करेगा और न ही अनुबंध के अधीन किसी को भुगतान हेतु अधिकृत करेगा।

(v) निविदा का प्रेषण इस बात का प्रमाण समझा जावेगा कि निविदा सूचना में निहित समस्त शर्ते और प्रतिबंध मान्य है । व्यवसायी द्वारा प्रस्तुत काउन्टर टर्म्स मान्य नही होगी ।

(vi) GST नियमानुसार देय होगा।

(vii) आयकर एवं जी.एस.टी. का टी.डी.एस. का कटौत्रा नियमानुसार किया जावेगा।

(viii) कार्य की गोपनीयता को दृष्टिगत रखते हुए लिफाफा मुद्रण एवं बनाने के दौरान खराब छपे हुये पेपर एवं प्लेट इत्यादि उप–संचालक, शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय राजनांदगांव में जमा करना होगा, जिसे निर्वाचन कार्य सामप्ति उपरांत वापस कर दिया जायेगा । कार्य गोपनीय प्रकृति का है, अतः गोपनीयता बनाये रखने की समस्त जिम्मेदारी संबंधित फर्म की होगी ।

(ix) केवल ऐसे फर्म निविदा में भाग ले, जिनके पास मुद्रण एवं लिफाफा तैयार करने की पूर्ण व्यवस्था एवं क्षमता है। इस संबंध में अनुबंध निष्पादित करने वाले

क्रमशः 5 पर

फर्म का औचक निरीक्षण विभागीय अधिकारियों द्वारा किया जावेगा। कार्य की प्रगति संतोषजनक नही पाए जाने पर आदेश निरस्त कर अन्य फर्म को आवंटित किया जावेगा तथा प्रतिभूति राशि एवं निविदा निक्षेप राशि राजसात कर ली जावेगी।

(x) यदि प्रदाय की गई सामग्री लिफाफे निर्धारित मापदण्ड एवं गुणवत्ता के अनुसार नही पाए गए अथवा किसी भी कारण से खराब अथवा उपयोग होने योग्य नही पाए गए तो ऐसी समस्त सामग्री लिफाफे मुद्रक को वापस लेना होगा तथा उसके स्थान पर निर्धारित मापदण्ड एवं गुणवत्ता के अनुसार मुद्रण कर प्रदाय करना होगा। इस संबंध में होने वाला समम्त व्यय स्वयं मुद्रण को ही वहन करना होगा।

(xi) मुद्रक को प्रिंट लाईन संक्षिप्त में अंकित करना होगा।

(xii) निविदाकर्ता निविदा में अंकित किसी भी शर्त को शासन हित में शिथिल करने अथवा उसमें छूट देने का अधिकार सुरक्षित रखते है ।

(xiii) निविदाकर्ता को अनुमोदित दर पर एक या एक से अधिक व्यवसाईयों को कार्य आबंटन का अधिकार होगा। निविदाकर्ता प्रथम न्यूनतम दर को स्वीकृत करने हेतु बाध्य नहीं होंगे ।

(xiv) निविदाकार को अपनी दरें निर्धारित प्रपत्र पर निर्धारित कालम में चाहे अनुसार प्रस्तुत करनी होगी । उपरोक्त शर्तो के अधीन यदि निविदाकार एवं निविदाकर्ता में कोई विवाद की स्थिति निर्मित होती है तो संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री विभाग का निर्णय अंतिम होगा एवं उभय पक्षो पर बंधन का कार्य होगा।

(xv) न्यायालयीन विवाद की स्थिति में क्षेत्राधिकार रायपुर न्यायालय का होगा ।

(xvi) निविदा प्रस्तुत करने का आशय यह होगा कि निविदाकार को निविदा की उक्त शर्तो के साथ–साथ प्रक्रिया के पालन हेतु भविष्य में रखी गई सभी शर्ते मान्य होगी ।

(xvii) संचालक बिना कोई कारण बताए किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखेंगे । बुलाई गई निविदा को किसी भी समय सक्षम अधिकारी द्वारा बिना कारण बताये निरस्त किया जा सकता है ।

(xviii)उक्त शर्तो के अतिरिक्त किसी भी प्रकार का काउण्टर शर्त मान्य नही होगा।

क्रमशः 6 पर

9. शास्ति :–

सफल निविदाकार को लिफाफा मुद्रित कर बनाने हेतु प्रदाय आदेश जारी होने के 15 दिवस के अंदर में समस्त लिफाफा तैयार कर शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय राजनांदगॉव में जमा कराना होगा। प्रदाय में विलम्ब होने की स्थिति में कुल लागत पर प्रति दिवस 0.5 प्रतिशत तक की शास्ति आगामी 7 दिवस तक अधिरोपित की जावेगी। निविदाकार द्वारा समस्त लिफाफा मुद्रण कर उक्त समयावधि में उपलब्ध नही किए जाने की स्थिति में संचालक द्वारा निविदा निक्षेप एवं प्रतिभूति की धनराशि राजसात कर ली जावेगी ।

संचालक
मुद्रण तथा लेखन सामग्री
नवा रायपुर अटल नगर

// अनुबंध //

मैं ..... मेसर्स ..... नगरीय निकाय/त्रि–स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2019 से संबंधित लिफाफा तैयार करने हेतु निम्नानुसार अनुबंध निष्पादित करता हूँ :–

1– मेरे द्वारा कुल..... प्रकार के लिफाफे भिन्न–भिन्न आकारों में दर प्रस्तुत की गई थी, जिसमे नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2019 के ..... प्रकार के एवं त्रि–स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2019 के ..... प्रकार के न्युनतम दर पायी जाने के उपरान्त मैं इसी दर पर निर्धारित समयावधि में लिफाफा 80 जी.एस.एम. क्राफ्ट पेपर, कलर पेपर पर अथवा नमूने अनुसार आकार–प्रकार में तैयार कर आपके निर्देशानुसार शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगॉव मुद्रणालय में 500–500 के बंडल बना कर जमा करने का वचन देता हूँ ।

2– यह कि मेरे द्वारा प्रदायित सामग्री के पेपर मुद्रण एवं लिफाफा जैसा आप चाहे समय–सीमा दिनांक ..... तक प्रदाय करने का वचन देता हूँ ।

3– यह भी वचन देता हूँ कि लिफाफे का नमुना निविदा में दिये गये स्पेसीफिकेशन एवं टेण्डर में अंकित जी.एस.एम. के अनुसार रहेगा । आपके द्वारा दिये गये नमुने एवं आकार में लगभग ..... प्रकार के अलग–अलग प्रकार के लिफाफों का निर्माण कर मेरे द्वारा आपके मुद्रणालय में अपने खर्च पर पंहुचाने का वचन देता है । यह शपथ करता हूँ कि आपके द्वारा निर्धारित (15 दिवस) में यदि लिफाफा तैयार कर आपके कार्यालय में जमा नही कर सका तो आपके द्वारा लगाये गये दण्ड का भागी रहुंगा।

4– यदि फर्म द्वारा लिफाफा तैयार कर निर्धारित अवधि जो कि प्रदाय आदेश में अंकित है तक उपलब्ध नही कराया जाता है तो संचालक महोदया विलंब के लिए पेनाल्टी लगाने के लिए सक्षम है तथा यह उभयपक्ष को मान्य है ।

कार्य गोपनीय प्रकृति का है तथा इसकी गोपनीयता की समस्त जिम्मेदारी फर्म की रहेगी तथा आदेशित मात्रा से अधिक लिफाफा किसी भी स्थिति में तैयार नही किया जायेगा ।

उपरोक्त आश्वासनों एवं वचनों के आश्वासनार्थ मैं बैंक आफ ..... के एफ.डी.आर.क्रमांक ..... दिनांक ..... राशि रूपये ..... का जमा कर रहा हूँ, जो कि प्रस्तुत शपथ पत्र में अंकित कंडिकाओं के उल्लंघन की

स्थिति में मेरी निविदा निक्षेप की राशि रूपये 25,000/– तथा प्रतिभूति राशि रूपये..... के साथ राजसात करने का एवं निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण कर प्रदाय नही करने की स्थिति में दण्ड लगाने का अधिकार संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, नवा रायपुर, अटल नगर को होगा, जिसकी मैं सहमति देता हूँ ।

// धन्यवाद //

दिनांकः– .....

स्थानः–.....

गवाहः– .....

1- ----------

2- ----------

* निविदाकार का हस्ताक्षर सील सहित

निविदाकार का नाम.....

पताः–.....

मोबाईल नं.:–.....

फर्म का नाम, सील एवं पत्राचार का पूर्ण पता :– .....

.....

त्रि–स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2019 में प्रयुक्त होने वाले लिफाफों के मुद्रण एवं लिफाफों की विवरण सूची:–

स.क.	आयटम का नाम एवं कलर	आयटम का तकनीकी विवरण तथा निर्माण की अनुमानित संख्या एवं आकार		मुद्रण का रंग	दरे प्रस्तुत करने की यूनिट	प्रस्तुत दरें (प्रति हजार)			निविदाकार द्वारा लिफाफे निर्माण किये जाने की दैनिक क्षमता
		आकार	संख्या			रूपयें	जी.एस.टी. का प्रतिशत एवं रूपये	कुल रूपये	
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	निर्वाचन नामावली की चिन्हित प्रति के लिए लिफाफा कमांक 1 (क्राफ्ट पेपर)	13" × 5.5" (3" flap extra)	120,000 प्रतियां	लाल रंग एक कलर मुद्रण	प्रति हजार				
2	लौटाये गये अथवा रद्द किये गये मतपत्र के लिए लिफाफा कमांक 2 (क्राफ्ट पेपर)	11.5" × 5" (1" flap extra)	120,000 प्रतियां	लाल रंग एक कलर मुद्रण	प्रति हजार				
3	निविदत्त (टेण्डर्ड) मतों की सूची एवं निविदत्त मतपत्र के लिए लिफाफा कमांक 3 (क्राफ्ट पेपर)	13" × 5.5" (2" flap extra)	120,000 प्रतियां	काला रंग एक कलर मुद्रण	प्रति हजार				
4	उपयोग में लाये गये मतपत्रों के प्रतिपर्ण के लिए लिफाफा कमांक 4(क्राफ्ट पेपर)	15.5" × 11.5" (1" flap extra)	175,000 प्रतियां	लाल रंग एक कलर मुद्रण	प्रति हजार				
5	मतदाताओं का जारी न किये गये मतपत्र (प्रतिपर्णों सहित) के लिए लिफाफा कमांक 5 (क्राफ्ट पेपर)	15" × 9.5" (1" flap extra)	175,000 प्रतियां	लाल रंग एक कलर मुद्रण	प्रति हजार				
6	अभ्याक्षेपित (चेलेन्ड) मतों की सूची के लिए लिफाफा कमांक 6 (क्राफ्ट पेपर)	13.5" × 5.5" (2" flap extra)	60,000 प्रतियां	काला रंग एक कलर मुद्रण	प्रति हजार				
7	मतपत्र लेखा के लिए लिफाफा कमांक 7 (क्राफ्ट पेपर)	12.5" × 5.5" (4" flap extra)	175,000 प्रतियां	काला रंग एक कलर मुद्रण	प्रति हजार				

फर्म का सील एवं हस्ताक्षर

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
8	पीठासीन (प्रिसाइडिंग) अधिकारी की डायरी के लिए लिफाफा कमांक 8 (क्राफ्ट पेपर)	12.5" × 5.5" (4" flap extra)	175,000 प्रतियां	काला रंग एक कलर मुद्रण	प्रति हजार				
9	मतदान से संबंधित विविध कागजात रखने के लिए लिफाफा कमांक 9 (क्राफ्ट पेपर)	14.5" × 9.5" (2" flap extra)	175,000 प्रतियां	काला रंग में एक कलर मुद्रण	प्रति हजार				
10	मतगणना परिणाम पत्र रखने के लिए लिफाफा कमांक 10 (क्राफ्ट पेपर)	10" × 5.5" (1" flap extra)	710,000 प्रतियां	काला रंग में एक कलर मुद्रण	प्रति हजार				
11	मतगणना से संबंधित विविध कागजात रखने के लिए लिफाफा कमांक 11 (क्राफ्ट पेपर)	12.5 " × 10" (4" flap extra)	120,000 प्रतियां	काला रंग में एक कलर मुद्रण	प्रति हजार				
12	शीट (परिनियम लिफाफे को लपेटने हेतु)	23.5 " × 17.5"	70,000 प्रतियां	लाल रंग एक कलर मुद्रण	प्रति हजार				
13	शीट (मतगणना)	23.5 " × 17.5"	93,000 प्रतियां	काला रंग एक कलर मुद्रण	प्रति हजार				
14	शीट (मतगणना)	33.5 " × 23.5"	710,000 प्रतियां	काला रंग एक कलर मुद्रण	प्रति हजार				

निविदाकार का नाम एवं हस्ताक्षर – .....

पता– .....

.....

मोबाईल नं. – .....

फर्म का नाम, सील एवं पत्राचार का

दिनांक– .....

फर्म का सील एवं हस्ताक्षर

नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2019 में प्रयुक्त होने वाले लिफाफों के मुद्रण एवं लिफाफों की विवरण सूची:–

स.क.	आयटम का नाम एवं कलर	आयटम का तकनीकी विवरण तथा निर्माण की अनुमानित संख्या एवं आकार		मुद्रण का रंग	दरे प्रस्तुत करने की यूनिट	प्रस्तुत दरें (प्रति हजार)			निविदाकार द्वारा लिफाफे निर्माण किये जाने की दैनिक क्षमता
		आकार	संख्या			रूपयें	जी.एस.टी. का प्रतिशत एवं रूपयें	कुल रूपये	
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	निर्वाचक नामावली की चिन्हित प्रति का लिफाफा कमांक 1 (क्राफ्ट पेपर)	14" × 5" (1" flap extra)	20,000 प्रतियां	लाल रंग एक कलर मुद्रण	प्रति हजार				
2	लौटाये गये रद्द किये गये मतपत्र का लिफाफा कमांक 2 (क्राफ्ट पेपर)	12" × 5" (1" flap extra)	20,000 प्रतियां	लाल रंग एक कलर मुद्रण	प्रति हजार				
3	निविदत्त (टेण्डर्स) मतों की सूची एवं निविदत्त मतपत्र का लिफाफा कमांक 3 (क्राफ्ट पेपर)	11" × 5" (1" flap extra)	20,000 प्रतियां	लाल रंग एक कलर मुद्रण	प्रति हजार				
4	उपयोग में लाये गये मतपत्रों के प्रतिपर्ण का लिफाफा कमांक 4 (क्राफ्ट पेपर)	13" × 5.5" (2.5" flap extra)	20,000 प्रतियां	लाल रंग एक कलर मुद्रण	प्रति हजार				
5	मतदाताओं को जारी न किये गये मतपत्र (प्रतिपर्णो सहित) का लिफाफा कमांक 5 (क्राफ्ट पेपर)	16" × 10" (2" flap extra)	20,000 प्रतियां	लाल रंग एक कलर मुद्रण	प्रति हजार				
6	अभ्याक्षेपित (चेलेण्ज्ड) मतों की सूची का लिफाफा कमांक 6 (क्राफ्ट पेपर)	16" × 12" (2" flap extra)	20,000 प्रतियां	लाल रंग एक कलर मुद्रण	प्रति हजार				
7	मतपत्र लेखा का लिफाफा कमांक 7 (क्राफ्ट पेपर)	12" × 5" (1" flap extra)	20,000 प्रतियां	काला रंग एक कलर मुद्रण	प्रति हजार				

फर्म का सील एवं हस्ताक्षर :

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
8	पीठासीन अधिकारी की डायरी का लिफाफा कमांक 8 (क्राफ्ट पेपर)	11" × 5" (1" flap extra)	10,000 प्रतियां	काला रंग एक कलर मुद्रण	प्रति हजार				
9	अपरिनियत कागज पत्रों का लिफाफा कमांक 9 (क्राफ्ट पेपर)	16" × 12" (1" flap extra)	20,000 प्रतियां	काला रंग एक कलर मुद्रण	प्रति हजार				
10	परिनियत लिफाफे को लपेटने के लिए सीट–1 (ब्राऊन पेपर)	42 cm × 59cm	20,000 प्रतियां	काला रंग एक कलर मुद्रण	प्रति हजार				
11	प्ररूप 19 क के लिफाफे (क्राफ्ट पेपर)	9 " × 4" (1" flap extra)	20,000 प्रतियां	काला रंग एक कलर मुद्रण	प्रति हजार				
12	प्ररूप 19 ख के लिफाफे (गुलाबी) 80 जी.एस.एम मैपलिथो पेपर मे	11 "×5" (1" flap extra)	20,000 प्रतियां	काला रंग एक कलर मुद्रण	प्रति हजार				
13	घोषणाएं एवं प्रमाण–पत्रों का लिफाफा कमांक 10 (खाकी कलर में अन्दर की तरफ पॉलीलेमिनेटेड नमूने अनुसार)	11 "×5" (1" flap extra)	10,000 प्रतियां	काला रंग एक कलर मुद्रण	प्रति हजार				

निविदाकार का नाम एवं हस्ताक्षर – .....

पता– .....

.....

मोबाईल नं. – .....

फर्म का नाम, सील एवं पत्राचार का पूर्ण पता :– .....

दिनांक– .....

फर्म का सील एवं हस्ताक्षर :